संगम मिल देखने पहुंचे सऊदी अरब के व्यापारी

भास्कर संवाददाता | कंवलियास

सरेरी स्थित संगम इंडिया लिमिटेड में सऊदी अरब की औद्योगिक आयात निर्यात कंपनी के चेयरमैन इंजीनियर हातिम एचएल सुहाए बानी व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हाजिम एफ अलडोसरी संगम इंडिया लिमिटेड यूनिट 2 में आए। संगम ग्रुप के प्रबंध निदेशक एसएन मोदानी, प्रदीप जैन, नरेश जैन, आरिफ अंसारी, कमाल खान, निहाल बड़जात्या, प्रेसीडेंट वर्क्स एसके पांडे, उपाध्यक्ष कार्मिक एवं प्रशासन भीम सिंह कुशवाह ने स्वागत किया। यूनिटों की उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी दी। संगम झील के पास पौधरोपण किया।